# नगर परिषद डलहौज़ी,जिला चम्बा (हिमाचल प्रदेश) के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/21 से 03/23

## भाग-एक

**1. प्रारम्भिक**:-

(**क**) ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1)में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त)हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1-376/81-फिन(एल०ए०)-खण्ड –IV दिनांक 16-10-18 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखों के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक हि.प्र. राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपें जाने के दृष्टिगत नगर परिषद डलहौज़ी के लेखों का अंकेक्षण अवधि 01.04-21 से 31.03.23 का अंकेक्षण कार्य किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान आहरण एवं वितरण अधिकारी के पद पर निम्नलिखित प्रधान एवं कार्यकारी अधिकारी कार्यरत रहे :-**

**प्रधान :-**

| क्रम सं० | प्रधान का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती रानी शर्मा | 01.04.21से 31.03.23 |

**कार्यकारी अधिकारी :-**

| क्रम सं० | अधिकारी का नाम व पद नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती राखी कौशल | 01.04.21 से 31.03.23 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

| क्रम सं० | विवरण | पैरा सं० | राशि(₹)लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1. | बैंक द्वारा नगर परिषद के खाते में राशियों को जमा न करने बारे | 4(क)iv | 0.11 |
| 2. | बैंक खातों व रोकड़ बही में अन्तर | 4(क)ix | 0.01 |
| 3. | अनुदानों की राशि उपयोग हेतु शेष | 6(ग) | 498.98 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | अनुदान का निर्धारित उद्देश्यों की अपेक्षा अन्य उद्देश्यों पर व्यय करने के कारण सम्भावित दुरूपयोग | 6(घ) | 490 .57 |
| 5. | अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी न करना। | 6(ड०) | 317.85 |
| 6. | गृहकर की बकाया राशिवसूलीहेतु शेष | 7(क) | 267.54 |
| 7. | देय गृह कर पर अनियमित रूप से छूट देने से हानि | 7(ग) | 1.37 |
| 8. | होटलों के गृहकर का निर्धारण न करने के फलस्वरूप राजस्व कीहानि | 7(घ) | 1.95 |
| 9. | गृहकर की गणना नियमों के अनुसार न करने के परिणामस्वरूप हुई राजस्व हानि | 7 (ड०) | 5.25 |
| 10. | दुकानों के किराये की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 8 | 187.52 |
| 11. | जल प्रभार की बकाया राशि की वसूली हेतु शेष | 9 | 14.00 |
| 12. | Conservancy tax की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 10 | 12.91 |
| 13. | विभिन्न मोबा ईल टावरों की नवीनीकरण फीस वसूली हेतु शेष | 11 | 8.36 |
| 14. | सिनेमाहाल भवन के किराये की बकाया राशि की वसूली न करना | 12 | 12.36 |
| 15. | तहबाजारी कम  वसूलना | 13 | 3.19 |
| 16. | डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण शुल्क का कम वसूलना | 14 | 85.78 |
| 17. | निष्पादित कार्य की प्रमात्रा की गणना में त्रुटी के कारण सविंदाकार को अधिक भुगतान | 15(क,ख,ग) | 0.98 |
| 18. | अनुचित रूप से कार्य का आबंटन करना | 15 (घ) | 9.91 |
| 19. | निर्माण कार्य हेतु ठेकेदार द्वारा सप्लाई निर्माण सामग्री के बिलों से रॉयल्टी की वसूली न करना | 17 | 1.03 |
| 20. | स्थापना पर अनियमित व्यय | 21(क) | 278.06 |
| 21. | अनियमित रूप से बैंक से ऋण लेने पर ब्याज के रूप में अनियमित भुगतान | 21(ख) | 1.11 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | हिमाचल प्रदेश वन निगम को 1035 पेड़ों की आपूर्ति के एवज में राशि न प्राप्त करना। | 24 | 29.40 |
| 23. | अस्थाई अग्रिमों का समायोजन हेतु शेष | 26 | 1.33 |

(ग) **गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

संस्था द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है। प्राय: यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है जो कि अत्यंत चिन्ताजनक है। अत: नगर परिषद इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्यवाही सुनिश्चित करें तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से यथासमय इस विभाग को अवगत करें,ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

**भाग – दो**

**2. वर्तमान अंकेक्षण:-**

नगर परिषद डलहौज़ी के लेखों अवधि 01.04.21 से 31.03.23 का वर्तमान अंकेक्षण श्री मुकेश कुमार स्नेही,सहायक नियन्त्रकद्वारा दिनांक 19.06.23 से 23.08.23 तक के दौरान परिषद के डलहौज़ीस्थित कार्यालय में किया गया,जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में समाविष्ट है। विस्तृत अंकेक्षण हेतु आय के लिए माह 10/21 व 04/22 तथा व्यय के लिए माह 07/21 व 10/22 का चयन विस्तृत जाँच हेतु किया गया।

यहाँ यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण कार्यकारी अधिकारी (नगर परिषद)द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना/अधूरी सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई , के कारण अंकेक्षण प्रतिवेदन पर पड़ने वाले किसी भी प्रभाव के लिए उत्तरदायी नहीं होगा तथा अंकेक्षण की जिम्मेवारी केवल चयनित माह तक ही सीमित है।

**3. अंकेक्षण शुल्क:-**

नगर परिषद के अवधि 04/21 से 03/23 तक के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹47000/-आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की राशि को निदेशक,हि.प्र. राज्य लेखा परीक्षा विभाग-

शिमला-9 को भेजने हेतु सहायक नियन्त्रक की अधियाचना संख्या: 121दिनांक 23-08-23 द्वारा वर्तमान कार्यकारी अधिकारी से अनुरोध किया गया । कार्यकारी अधिकारी द्वारा उक्त राशिरेखांकित चैक संख्या: 073820 दिनांक 13.09.23 द्वारा प्रेषित कर दी गई है।

**4. वित्तीय स्थिति**:-

नगर परिषद डलहौज़ीकी अवधि 04/ 21से 03/23 तक की वित्तीय स्थिति का ब्यौरा निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट –ख**(1से7)में दिया गया है।

**(क) मुख्य रोकड़बही**

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 2772575.09 | **974403.29** |
| अपने स्त्रोतों से आय | 7537400.80 | 22008445.00 |
| अन्य आय | 372827.20 | 470656.00 |
| LOAN | 4500000.00 | 0.00 |
| ब्याज | 39078.00 | 36630.00 |
| विकास निधि /BRGF खाते से हस्तान्तरित राशि | 13900000.00 | 23300000.00 |
| विकास निधि /DEV.A/Cखाते से हस्तान्तरित राशि | 14700000.00 | 7500000.00 |
| **कुल राशि** | **43821881.09** | **54290134.09** |
| व्यय | 29511452.00 | 36390084.50 |
| विकास निधि खाते को हस्तांतरित राशि | 100000.00 | 1650000.00 |
| Pension खाते को हस्तांतरितराशि | 5288189.00 | 8716231.00 |
| GPF खाते को हस्तांतरित राशि | 4232225.00 | 2107705.00 |
| CPF खाते को हस्तांतरित राशि | 3715619.00 | 2155435.00 |
| कुल व्यय | 42847485.00 | 51019455.50 |
| **अन्तिम शेष** | **974396.09** | **3270679.09** |

| BANK BAL AS ON 31.03.2023(MC) | | |
|---|---|---|
| **BANK NAME** | **ACC.NO.** | **BAL** |
| SBI DALHOUSIE | 11321778123 | 2275575.79 |
| H.P.S.C BANK DALHOUSIE | 18210105871 | 85147.00 |

| | | |
|---|---|---|
| Bank balance in HDFC Bank Dalhousie in a/c No. 50200056797951(House Tax) | 50200056797951 | 1041660.73 |
| **TOTAL** | | **3402383.52** |

**<u>BANK RECONSILLATION STATEMENT OF MAIN CASH BOOK AS ON 31.03.2023</u>**

| **PARTICULARS** | | | | **AMOUNT** |
|---|---|---|---|---|
| **Closing Balance as per Cash Book on 31/03/2023** | | | | **3270679.79** |
| **Plus cheque issued but not encashed till 31/03/2023: -** | | | | |
| 1 | **Cheque No.** | **Date** | **Amount debited on** | **Amount.** |
| 2 | 312873 | 12-07-2021 | | 5000.00 |
| 3 | 953292 | 17-11-2021 | | 750.00 |
| 4 | 953379 | 26-03-2022 | | 3000.00 |
| 5 | 248291 | 04-03-2023 | Debited on 05/04/2023 | 645.00 |
| 6 | 248296 | 10-03-2023 | Debited on 06/04/2023 | 3144.00 |
| 7 | 248303 | 10-03-2023 | Debited on 18/04/2023 | 30810.00 |
| 8 | 248304 | 17-03-2023 | Debited on 03/04/2023 | 115906.00 |
| 9 | 248310 | 23-03-2023 | Debited on 03/04/2023 | 60558.00 |
| 10 | 248313 | 31-03-2023 | Debited on 04/04/2023 | 149055.00 |
| 11 | 248314 | 31-03-2023 | Debited on 19/04/2023 | 3387.00 |
| 12 | 248315 | 31-03-2023 | Debited on 10/04/2023 | 30533.00 |
| 13 | 248316 | 31-03-2023 | Debited on 10/04/2023 | 35704.00 |
| 14 | 248317 | 31-03-2023 | Debited on 03/04/2023 | 29500.00 |
| 15 | 248318 | 31-03-2023 | Debited on 04/04/2023 | 40000.00 |
| 16 | AMOUNT CREDITED BY GSLI THROUGH NEFT AS PER STATEMENT 4/11/22 but not accounted in the cash book | | | 4354.00 |
| 17 | BULK POSTING AS PER STATEMENT DATED 23/3/23 not taken in cash book | | | 24678.00 |
| 18 | AMOUNT OF HOUSE TAX /ENDERED IN CB AT PAGE 4 DATED 31/3/23 ₹1821257 taken in place of 1821257.73 | | | 0.73 |

| | | |
|---|---|---|
| 19 | Amount received from Nodel Agency on account of marriage online registration during the month on dated 2/3,18/3,23/3 and 31/3/23 not accounted in the cash book | 1000.00 |
| 20 | Cost of tender received online not accounted in the cash book as per state dated 22/3,25/3/23 | 5500.00 |
| 21 | Plus EMD of tender not accounted in the cash book dated 24/3 and 25/3/2023 | 78800.00 |
| 22 | Amount not accounted in General Cashbook as booked 50.00 Lakh in place of 51.00 Lakh | 100000.00 |
| 23 | Interest received in account no. 18210105871 as per certificate issued by bank as on 31/03/2023 but not accounted in cash book | 1471.00 |
| | **Total:** | **723795.73** |

**Less income deposited but not credited in account as per statement March 2023**

| Sr. no | Date of income | G8 no. | Ch. No. | Dated | Name of Firm | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-03-2006 | 99/4 | | | RAJ MOHAN KHANNA | 2064.00 |
| 2 | 15-05-2007 | 30-31/22 | | | VIKAS RAIKY | 9554.00 |
| 3 | 14-11-2012 | 86/34 | 178770 | 14-11-2012 | AMRIT KAUR | 710.00 |
| 4 | 20-07-2016 | 59/24 | 847310 | 19-07-2016 | KAMLA DEVI OAK VILLA | 265.00 |
| 5 | 25-03-2021 | ch No.1332 | | 26-03-2021 | | 14685.00 |
| 6 | 23-09-2021 | Less deposited where income was Rs. 1420/- and deposited in bank Rs. 1320(1420-1320=100) | | | | 100.00 |
| 7 | 02-09-2021 | Less deposited where income was Rs.3123760/- and deposited in bank Rs. 3123758/- | | | | 2.00 |
| 8 | 01-04-2022 | | 305 | Amount deposited but not credited by bank | | 11350.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 23-02-2023 | | 554 | Credited in bank on 13/4/2023 | 3000.00 |
| 10 | 23-02-2023 | | 555 | Credited in bank on 13/4/23 | 2000.00 |
| 11 | 23-02-2023 | | 556 | Credited in bank on 13/4/23 | 1000.00 |
| 12 | 27-03-2023 | | 578 | Credited in bank on 4/4/23 | 14160.00 |
| 13 | 29-03-2023 | | 585 | Credited in bank on 4/4/23 | 42480.00 |
| 14 | 31-03-2023 | | 1 | Credited in bank on 4/4/23 | 28320.00 |
| 15 | 31-03-2023 | | 2 | Credited in bank on 4/4/23 | 24907.00 |
| 16 | 31-03-2023 | | 3 | Credited in bank on 3/4/23 | 20000.00 |
| 17 | 31-03-2023 | | 4 | Credited in bank on 4/4/23 | 120236.00 |
| 18 | 31-03-2023 | | 5 | Credited in bank on 3/4/23 | 283413.00 |
| 19 | Amount wrongly debited by bank as per statement dated 10/07/2021 | | | | 14160.00 |
| 20 | Two ENTRIES debited by bank @295/- ON 14/6 AND 20/6/2022 | | | | 590.00 |
| 21 | AMOUNT OF HOUSE TAX BALANCE RS. 1821257/- TAKEN IN general CASH BOOK in place of RS. 1821267 ON 31/3/23 AT CB PAGE 4 | | | | 10.00 |
| 22 | CASH LESS DEPOISTED VIDE CHALLAN NO. 572 DATED 22/3/2023 | | | | 50.00 |
| | | | | **Total** | **593056.00** |
| | | | | **Difrence** | **964.00** |

**बैंक समाधान विवरणी का अंकेक्षण करने के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए :-**

**(i)** बैंक समाधान विवरणी अनुसार जमा शीर्षक के क्रम 2 से 5 में दिनांक 12.07.21,17.11.21,26.03.22 को क्रमशः **₹5000**, **₹750व₹3000** के चैक जारी किये गये जोकि अब कालातीत हो चुके है इस सम्बन्ध में रोकड़ बही में उचितइन्द्राज करके समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

**(ii)**बैंक समाधान विवरणी अनुसार जमा शीर्षक के क्रम संख्या 1 6 से 23 में दर्शाई(₹4354+₹24678+₹0.73+₹1000+₹5500+₹78800+₹100000+₹1471)बैंक द्वारा जमा प्रदान किया गया लेकिन रोकड़ बही के जमा पक्ष में दर्ज नहीं की गई थी। अत: जमा/ प्राप्ति की पुष्टि उपरांत लेन-देन की रोकड़ बही के आय पक्ष में प्रविष्टि करके अन्तर का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

**(iii)**बैंक समाधान विवरणी अनुसार घटाव शीर्षक के क्रम संख्या 6 व 7 तक पर दिनांक 02.09.21, 23.09.21 अनुसार बैंक में **₹102(₹100+₹2)** में कम जमा किये गए जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुए वर्णित राशियों की उचित स्त्रोत से वसूली कर नगर परिषद निधि में जमा करके रोकड़ बही व लेखों में यथानुसार अन्तर का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

**(iv)**बैंक समाधान विवरणी अनुसार घटाव शीर्षक के क्रम संख्या 8 में दर्शाई **₹11350**की राशि दिनांक 01.04.22 को बैंक में जमा करवाए परन्तु बैंक द्वारा क्रेडिट नहीं किये गए जिसके लिए बैंक से सम्पर्क करके जमा प्राप्त करते हुए अन्तर का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

**(v)**बैंक समाधान विवरणी अनुसार घटाव शीर्षक के क्रम 1 9 व 2 0 में दर्शाई राशि **₹14160 +₹590**का डेबिट बैंक द्वारा कर लिया गया है जिसका जिसके लिए बैंक से सम्पर्क करके अन्तर का समाधान लेखों करना सुनिश्चित किया जाए।

**(vi)**बैंक समाधान विवरणी अनुसार घटाव शीर्षक के क्रम 21में दर्शाई गृह कर की ऑनलाइन खाते का शेष **₹1821267/-** के स्थान **₹821257/-** का इन्द्राज मुख्य रोकड़ बही में किया गया । अत: **₹10** की राशि का समाधान रोकड़ बही में व लेखों में करना सुनिश्चित किया जाए।

**(viii)**बैंक समाधान विवरणी अनुसार घटाव शीर्षक के क्रम 22 में दर्शाई **₹50** की राशिचालान संख्या 572 दिनांक 22.03.23 द्वारा कम जमा किये गये जिसकी उचित स्त्रोत से वसूली कर जमा किये जाए व अन्तर का समाधान लेखों करना सुनिश्चित किया जाए।

**(ix)**बैंक समाधान विवरणी अनुसार रोकड़ बही व बैंक खातों के शेष में **₹964** का अन्तर पाया गया जिसका मिलान करके अन्तर का समाधान लेखों में करना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**(1)प्रोभ्दवन लेखांकन के साथ डबल एंट्री बही खाता पद्धति का उपयोग न करने बारे वअन्तिम खाते (तुलन-पत्र इत्यादि) प्रस्तुत न करने बारे :-**

निदेशक, शहरी विकास हि.प्र.के पत्र सं : UD-H(C)-15-49/2003-iii/3332-3279 dt. 25.03.09 व UD-H(C)-15-49/2003-iii/9337-9385 dt. 07.09.09 व UD-H(C)-15-49/2003-iv/5215-63 dt.19.07.10 द्वारा सभी नगर परिषद को लेखा खातों का रख रखा वप्रोभ्दवन लेखांकन के साथ आय–व्यय को रिकॉर्ड करने के लिए डबल एंट्री पद्धति का उपयोग करने का निर्देश दिया गया था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद डलहौजी द्वारा लेखा खाता का रख-रखा व प्रोभ्दवन लेखांकन के साथ आय–व्यय को रिकॉर्ड करने के लिए डबल एंट्री पद्धति का उपयोग नहीं किया जा रहा था बल्कि अपने लेखा खातों का रख रखा व एकल पद्धति के आधार पर बनाया गया था जोकि अनियमित है। इसके अतिरिक्त नगर परिषद द्वारा तलपट,आय व व्यय खाता तथा तुलन-पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। अत: भविष्य में प्रोभ्दवन लेखाकन के साथ डबल एंट्री वही खाता पद्धति का उपयोग करके बही खतों का रख रखा व करना सुनिश्चित किया जाए व अन्तिम लेखे अंकेक्षण मेंप्रस्तुत करना भी सुनिश्चित किएजाएँ।

## (ख) विकास निधि रोकड़ बही

| **वित्तीयवर्ष** | **2021-22** | **2022-23** |
|---|---:|---:|
| प्रारम्भिक शेष | 712341.34 | **773351.34** |
| BRGF से हस्तांतरित राशि | 2600000.00 | 2150000.00 |
| अनुदान से आय | 24824333.00 | 22183915.50 |
| ब्याज | 48104.00 | 92875.00 |
| मुख्य निधि खाते से हस्तांतरित राशि | 0.00 | 200000.00 |

| | | |
|---|---|---|
| HOUSE TAX खाते से हस्तांतरित राशि | 0.00 | 500000.00 |
| Other | 200000.00 | 0.00 |
| **कुल राशि** | **28384778.34** | **25900141.84** |
| व्यय | 12911427.00 | 18338386.00 |
| मुख्य निधि खाते को हस्तांतरितराशि | 14700000.00 | 7500000.00 |
| **अन्तिम शेष** | **773351.34** | **61754.84** |

**BANK BAL AS ON 31.03.2023**

| BANK NAME | ACC.NO. | BAL |
|---|---|---|
| SBI DALHOUSIE | 11321778587 | 61754.84 |
| **TOTAL** | | **61754.84** |
| **BAL AS PER CASH BOOK AS ON 31-03-21** | | 61754.84 |
| **Total** | | **61754.84** |

## (ग) BRGF रोकड़बही

| **वित्तीयवर्ष** | **2021-22** | **2022-23** |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 8511247.01 | 248801.01 |
| अन्यआय | 0.00 | 0.00 |
| अनुदानसेआय | 10894210.00 | 35542799.00 |
| ब्याज | 61765.00 | 232196.00 |
| कुलराशि | 19467222.01 | 36023796.01 |
| व्यय | 2518421.00 | 6844462.00 |
| मुख्यनिधिखातेकोहस्तांतरितराशि | 13900000.00 | 22950000.00 |
| Development Work खातेकोहस्तांतरितराशि | 2600000.00 | 2350000.00 |
| Door to Door collection खातेकोहस्तांतरितराशि | 200000.00 | 3100000.00 |

| | | |
|---|---|---|
| कुल व्यय | 19218421.00 | 35244462.00 |
| **अन्तिमशेष** | **248801.01** | **779334.01** |

**BANK BAL AS ON 31.03.2023(BRGF)**

| **BANK NAME** | **ACC.NO.** | **BAL** |
|---|---|---|
| SBI DALHOUSIE | 30649599728 | 20155.00 |
| HDFC(CFC) | 50100157623580 | 2950480.01 |
| HDFC(Parking ) | 50100283753817 | 118652.00 |
| HDFC(MMSRGY ) | 50100502990002 | 155756.00 |
| **TOTAL** | | **3245043.01** |

**LESS Cheque issued but not encashed :**

| **Cheque No.** | **Amount** | |
|---|---|---|
| Ch. No. 000048 dated 10/03/2023 | 700000.00 | |
| Ch. No. 000049 dated 31/03/2023 | 440483.00 | |
| Ch. No. 000050 dated 31/03/2023 | 209554.00 | |
| Ch. No. 000051 dated 31/03/2023 | 473159.00 | |
| Ch. No. 000052 dated 31/03/2023 | 283650.00 | |
| Ch. No. 000053 dated 31/03/2023 | 252987.00 | |
| Ch. No. 000054 dated 31/03/2023 | 105876.00 | |
| **Total:** | **2465709.00** | **2465709** |
| **अन्तिमशेष** | | **779334.01** |

## (घ) पेंशनऔरग्रेच्युटीरोकड़बही

| **वित्तीय वर्ष** | **2021-22** | **2022-23** |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | **4609.38** | **12642.38** |
| मुख्यनिधिखातेसेहस्तांतरित राशि | 5288189.00 | 8716231.00 |
| ब्याज | 181.00 | 777.00 |
| Transfer from CPF Account | 1301454.00 | 0.00 |

| | | |
|---|---:|---:|
| **कुलराशि** | **6594433.38** | **8729650.38** |
| ब्यय | 6581791.00 | 8713679.00 |
| **अन्तिमशेष** | **12642.38** | **15971.38** |

**BANK BAL AS ON 31.03.2023 (PENSION &GRATUITY)**

| BANK NAME | ACC.NO. | BAL |
|---|---:|---:|
| SBI DALHOUSIE | 11321777797 | 15971.38 |
| **TOTAL** | | **15971.38** |

## (ड.)NULMरोकड़बही

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---:|---:|
| प्रारम्भिक शेष | **6498.45** | 2374.45 |
| अपनेस्त्रोतोंसेआय | 0.00 | 0.00 |
| अनुदानसेआय | 0.00 | 0.00 |
| ब्याज | 0.00 | 64.00 |
| **कुलराशि** | **6498.45** | **2438.45** |
| व्यय | 4247.00 | 0.00 |
| **अन्तिमशेष** | **2251.45** | **2438.45** |

**BANK BAL AS ON 31.03.2023(NULM)**

| BANK NAME | ACC.NO. | BAL |
|---|---:|---:|
| SBI DALHOUSIE | 11321777639 | 2438.45 |
| **TOTAL** | | **2438.45** |

## (च) GPF रोकड़बही

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---:|---:|
| प्रारंभिकशेष | **9871554.70** | **10819251.70** |
| ब्याज | 460294.00 | 418585.00 |
| मुख्यनिधिखातेसेहंस्तारितराशि | 4232225.00 | 2107705.00 |

| | | |
|---|---|---|
| **कुलराशि** | **14564073.70** | **13345541.70** |
| व्यय | 3744822.00 | 3631575.50 |
| **अन्तिमशेष** | **10819251.70** | **9713966.20** |

**BANK BAL AS ON 31.03.2023(GPF)**

| **BANK NAME** | **ACC.NO.** | **BAL** |
|---|---|---|
| SBI DALHOUSIE | 11321778134 | 2949970.20 |
| FDR | | 6763996.00 |
| **TOTAL** | | **9713966.20** |

## (छ) CPF रोकड़बही

| **वित्तीय वर्ष** | **2021-22** | **2022-23** |
|---|---|---|
| प्रारंभिकशेष | **14480281.00** | **16721618.00** |
| ब्याज | 603813.00 | 760505.00 |
| मुख्यनिधिखातेसेहस्तांतरितराशि | 3715619.00 | 2155435.00 |
| **कुलराशि** | **18799713.00** | **19637558.00** |
| व्यय | 2078095.00 | 1312406.00 |
| **अन्तिमशेष** | **16721618.00** | **18325152.00** |

**BANK BAL AS ON 31.03.2023(CPF)**

| **BANK NAME** | **ACC.NO.** | **BAL** |
|---|---|---|
| HPSCB DALHOUSIE | 18210108157 | 7609610.00 |
| FDR | | 10822394.00 |
| **TOTAL** | | **18432004.00** |
| **Less interst not accounted in the cash book taken in 04/23** | | **107352.00** |
| **Less amount less credited on 01/09/2022 as per passbook** | | **500.00** |
| **Bal as per cash book as on 31-03-21** | | **18325152.00** |

**बैंक समाधान विवरणी का अंकेक्षण करने के दौरान निम्नलिखितअनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करकेअंकेक्षण को अवगत करवाया जाए :-**

**(i)** बैंक समाधान विवरणी अनुसार जमा शीर्षक में दर्शाई **₹500** की राशि दिनांक 01.09.22 को बैंक द्वारा कम जमा किये गये परन्तु जिसके लिए बैंक से सम्पर्क करके जमा प्राप्त करते हुए अन्तर का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

## (ज) DOOR TO DOOR COLLECTION

| **वितीयवर्ष** | **2021-22** | **2022-23** |
|---|---|---|
| प्रारंभिक शेष | **0.00** | **164567.12** |
| अपने स्त्रोतों से आय | 162354.12 | 2026800.00 |
| BRGF से हस्तांतरित राशि | 200000.00 | 3100000.00 |
| ब्याज | 0.00 | 0.00 |
| **कुल राशि** | **362354.12** | **5291367.00** |
| व्यय | 197787.00 | 5155834.00 |
| **अन्तिम शेष** | **164567.12** | **135533.12** |

**BANK POSITION OF DOOR-TO-DOOR COLLECTION ACCOUNT AS ON 31/03/2023**

| **BANK NAME** | | **ACC.NO.** | **BAL** |
|---|---|---|---|
| **1** | **HDFC Bank Dalhousie** | **50200056799316** | **265451.12** |
| **Plus income deposited but not credited in Bank** | | | |
| 1 | Income dated 1/6/22 Elgin Hall not credited in bank hence to be recover | 2500.00 | |
| 2 | Income dated 9/5/22 Kohinoor not credited in Bank hence to be recover | 2000.00 | |
| 3 | Income dated 2/11/22 Elgin Hall not credited in | 2500.00 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Bank hence to be recover | | |
| 4 | Income dated 9/3/23 Monga credited in bank on 23/4/23 | 4500.00 | |
| 5 | Income dated 24/2/23(PNB) not debit yet hence to be recover | 100.00 | |
| 6 | Income dated 27/3/23 PNB not credit yet hence to be recover | 100.00 | |
| 7 | Income dated 31/3/23 credited in bank on 3/04/2023 | 3850.00 | |
| 8 | Amount transfer from BRGF A/c to D2D A/c but not credited till 31/03/2023 which is credited in D2 D a/c on 03/04/2023 | 700000.00 | |
| | **Sub Total:** | **715550.00** | **715550.00** |
| **Less Cheque issued but not debited in bank: -** | | | |
| 1 | Cheque No. 000011 dt. 03/06/2022 not debited yet hence reverse entry to be taken. | 4040.00 | |
| 2 | Cheque No. 000044 10/03/2023 debited on 03/04/2023 | 503622.00 | |
| 3 | Cheque No. 000045 dt. 10/03/2023 on 03/04/2023 | 337656.00 | |
| 4 | Less amount excess deposited vide challan NO. 226 dated 30/01/23 vide which income to be deposited Rs. 7350/- but deposited 7400/- | 50.00 | |
| 5 | Less income dated 21/05/22 but not taken in cash book till 31/03/2023 | 100.00 | |
| | **Sub Total: -** | 845468.00 | **845468.00** |
| | **TOTAL** | | **135533.12** |

**बैंक समाधान विवरणी का अंकेक्षण करने के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः-**

**(i)** बैंक समाधान विवरणी अनुसार जमा शीर्षक में दर्शाई क्रम संख्या: 1,2,3,5,6 में **₹7200** की राशि**(₹2500+₹2000+₹2500+₹100+₹100)** को ऑनलाइन अर्जित किया परन्तु बैंक में जमा प्रदान नहीं हुआ जिसके लिए बैंक से सम्पर्क करके उचित स्त्रोत से वसूली कर बैंक में जमा किया जाए व अन्तर का समाधान लेखों में किया जाए।

**(ii)** बैंक समाधान विवरणी अनुसार घटाव शीर्षक के क्रम 1 में दिनांक 03.06.22 को क्रमशः**₹4040** का चैक जारी किये गये जो की अब कालातीत हो चुके है इस सम्बन्ध में रोकड़ बही में उचित इन्द्राज करके समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

**(iii)** बैंक समाधान विवरणी अनुसार घटाव शीर्षक के क्रम 4 में दिनांक 30.01.23 में **₹50** अधिक जमा किये गए जिसका लेखों में उचित इन्द्राज करके अन्तर का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

**(iv)** बैंक समाधान विवरणी अनुसार घटाव शीर्षक के क्रम 5 में दिनांक 21.05.22 को ₹100 की राशी बैंक में जमा की गई परन्तु दिनांक 31.03.23 तक रोकड़ बही में आय पक्ष में इन्द्राज नहीं किया गया जिसका लेखों में उचित इन्द्राज करके अन्तर का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

**5. निवेश :-**

नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "ग "**पर उपलब्ध करवाये गये विवरण के अनुसार दिनांक 31.03.23 तक GPF,CPF निधि से सावधि जमा योजना में ₹**17596390/-** निवेशित थे ।अत: सावधि जमा परिपक्वता तिथि को भुनाना या पुनः निवेश करना सुनिश्चित किया जाए।

**6 (क)स्व : स्त्रोत :-** अंकेक्षण के दौरान नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत आय व्यय जाँच में पाया गया कि स्व: स्त्रोत से सम्बन्धित गत अन्त शेष अंकेक्षण को नहीं दर्शाया गया है व जिसके लिए संस्था द्वारा कोई भी बैंक खाता अलग से नहीं रखा गयाथा। अंकेक्षण द्वारा अंकेक्षण अवधि के लिए स्व : स्त्रोत से सम्बन्धित आय व व्यय का ब्यौरातो तैयार किया गया परन्तु आरम्भिक शेष के अभाव में स्व : स्त्रोत की वित्तीय स्थिति की जाँच अंकेक्षण द्वारा नहीं की जा सकी ।अत: स्व: स्त्रोत से सम्बन्धित

अलग से बैंक खाता  रखाजाए व भविष्य में इसकी पृथक वित्तीय स्थिति का रख-रखा  व किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ख) अनुदान :-**

नगर परिषद की अंकेक्षणाधीन अवधि 01.04.   21  से 31.03.2  3 तक की अनुदानों  की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट "घ"** में दिया गया है।

| **वित्तीय वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष** | **अनुदान प्राप्त** | **कुल राशि** | **व्यय** | **अन्तिम शेष** |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 60074638.00 | 35718743.00 | 95793381.00 | 46335796.00 | 49457585.00 |
| 2022-23 | 49457585.00 | 57726778.00 | 107184363.00 | 57286262.00 | 49898101.00 |

**(ग) अनुदान ₹498.98 लाख के उपयोग हेतु शेष:-**

अंकेक्षण को यथा  **परिशिष्ट "घ"**  पर प्रस्तुत अनुदान विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त अनुदानों में से दिनांक 31.03.2     3को ₹49898101/-उपयोग हेतु शेष थे जबकि अनुदानों से सम्बन्धित स्वीकृत पत्रों के अनुसार यह राशियाँ आमतौर पर एक या दो वर्ष के भीतर उपयोग की जानी अपेक्षित होती है। अत: अनुपयोग इन अनुदान राशियों को निश्चित अवधि में उपयोग न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए इन्हें  सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात निर्धारित उदेश्यों हेतु व्यय/उपयोग करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यापर्ण सम्बन्धित विभाग को किया जाये एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(घ) अनुदान₹490.57लाख का निर्धारित उदेश्यों की अपेक्षा किसी अन्य उदेश्य हेतु व्यय करके सम्भावित दुरूपयोग:-**

अवधि 01.04.19 से 31.03.21 के अनुदान से सम्बन्धित अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि दिनांक 31.03.2 3 तक नगर परिषद के पास अनुदान में से     ₹49898101/- उपयोग हेतु शेष थे जबकि विकास कार्यों की विभिन्न रोकड़ बहियों (BRGF+Development+SJSRY/NULM) में दिनांक 31.03. 23 को मात्र  ₹841088.85 (₹8511247.01+₹712341.34+₹6498.45) ही अन्त शेष/उपलब्ध थी अर्थात नगर परिषद द्वारा ₹49057012.15 (₹49898101-₹841088.85)निर्धारित उद्देश्यों की अपेक्षा अन्य अनाधिकृत उद्देश्यों के लिए व्यय किए गए प्रतीत होते है। गत अंकेक्षण

प्रतिवेदन के पैरा संख्या 5 (ख) में भी उक्त अनियमितता बारे अवगत करवाया गया था परन्तु संस्था द्वारा इस बारे कोई ठोस कार्यवाही नही की जा रही है जोकि एक गम्भीर मामला है। अत: पुनः प्रकरण निदेशक,शहरी विकास विभाग के ध्यानार्थ उचित कार्यवाही अमल में लाने हेतु लाया जाता है ताकि अनुदान राशियों का निर्धारित उद्देश्यों हेतु उपयोग सुनिश्चित हो सके।

**(ङ) अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित ₹317.85 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्रों को जारी न करना :-**

अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट(घ-1)**पर उपलब्ध करवाई गई सूचनाके अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान अनुदानों में से ₹103622058/-का व्यय दर्शाया गया था। परन्तु दिनांक 31.03.23 तक अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित ₹31785421के जारी उपयोगिता प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए। अत: वर्णित उपयोगिता प्रमाण पत्र व्यय की जा चुकी अन्य सरकारी अनुदानों की राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित सम्बन्धित विभाग को जारी किए जाने के अतिरिक्त आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना भी सुनिश्चित किए जाएं।

(च) नगर परिषद के गत तीन वर्षों अर्थात 2020-21, 2021-22 व 2022-23 के आय-व्यय का विवरण निम्नलिखित है :-

| वर्ष | स्वः स्त्रोत से आय | प्राप्त अनुदान | व्यय |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 17271277.00 | 48336678.00 | 66287374.00 |
| 2021-22 | 7699761.92 | 35718743.00 | 57548042.00 |
| 2022-23 | 24035245.00 | 57726778.00 | 80386427.00 |

**7. गृहकर**

**(क) गृहकर की बकाया ₹267.54लाख की वसूली न करना :-**

परिषद की आय का मुख्य साधन गृहकर है जिससे प्राप्त आय को नगर परिषद के अधिसूचित क्षेत्र की जनता की सुविधाओं के लिए व्यय किया जाता है परन्तु नगर परिषद द्वारा दिनांक 31.03.2 3 तक ₹26754402/-गृहकर के रूप में वसूल करने शेष थे जिसका विवरण **परिशिष्ट "ड."** में दिया गया है ,जोकि गम्भीर चिन्ता का विषय है। अत: बकाया गृहकर की वसूली हेतु अविलम्ब नियमानुसार ठोस कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**(ख) 119 गृह कर दाताओं से ₹116.67 लाख वसूली हेतु शेष :-**

अंकेक्षण में पाया गया कि कुल बकाया गृहकर में से ₹11666574/- केवल 119 करदाताओं से ही वसूली हेतु बकाया थी जिसका विवरण **परिशिष्ट-"ड.-1"** पर दिया गया है। इस प्रकार कुल बकाया गृहकर का 43.61%इन्हीं करदाताओं से वसूली हेतु बकाया था जबकि नगर परिषद द्वारा इन करदाताओं को सभी मूलभूत सुविधाएँ समय-2 पर उपलब्ध करवाई जा रही है। अत: नियमानुसार इन करदाताओं से गृहकर की वसूली हेतु उचित कदम उठाना सुनिश्चित करें एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाएं।

**(ग)गृह कर वसूली हेतु अनुचित रूप से ₹0.90 लाख की छूट देना व ₹0.47 लाख की अधिभार की राशि को न वसूलना :-**

नगर परिषद अधिनियम (2) के13 अध्याय के अनुच्छेद 86 1994 के अनुसार गृह कर ओ बिल जारी के दिनांक से 10 दिन के भीतर वसूलना अपेक्षित था यदि गृहकर दाता समय पर गृह कर्ता है तो 20% छूट दी जाएगी अन्यथा 10% कीदर से अधिभार लगाया जाना भी अपेक्षित था । अंकेक्षण द्वारा चयनित माह 10/21 व 04/22 के गृह कर के बिलों की जाँच करने पर पाया गया कि निम्नलिखित विवरणानुसार गृह कर दाता द्वारा 6 महीने बाद गृह कर का भुगतान किया गया व नगर परिषद द्वारा अनियमित रूप से 20 % की दर से छू ट दी गई व 10 % की दर से अधिभार भी नहीं लगाया गया जिसके परिणाम स्वरूप नगर परिषद को आय के रूप में ₹137414/- हानि हुई है जोकि एक गम्भीर वित्तीय मामला है।

| **गृह कर दाता का नाम** | **बिल संख्या/दिनांक** | **रसीद संख्या / दिनांक** | **आई.डी.सं.** | **गृह कर की राशि** | **वसूली राशि** | **दी गई छूट** | **अधिभार की राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री जोगिन्द्र सिंह | 000064 03.04.21 | 15/87 01.10.21 | 000152/001/CMD | 5611 | 4489 | 1122 | 561 |
| श्रीमती कमल देवी | 000807 06.04.21 | 15/90 04.10.21 | 600086/006/CMD | 3940 | 3152 | 788 | 394 |
| श्री एम कालेव | 000735 06.04.21 | 15/91 04.10.21 | 600012/006/CMD | 10711 | 8569 | 2142 | 1071 |
| श्री सुरेश गुप्ता | 001080 | 15/93 | 800075/008/CMD | 2466 | 1973 | 493 | 247 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 08.04.21 | 04.10.21 | | | | | |
| श्रीमती पामेला चतरथ | 001295 03.04.21 | 15/96 04.10.21 | 000236/001/CMD | 16318 | 13055 | 3263 | 1632 |
| केप्टन रवि कोहली | 000110 03.04.21 | 15/97 04.10.21 | 000261/001/CMD | 2624 | 2100 | 524 | 262 |
| कर्नल के. कपिला | 000006 03.04.21 | 15/100 04.10.21 | 000016/001/CMD | 4366 | 3493 | 873 | 437 |
| श्री अगबाल सिंह | 000012 03.04.21 | 16/02 04.10.21 | 000028/001/CMD | +BP8267 1567 9831= | 9518 | 313 | 983 |
| श्रीमती कृष्णा चौधरी | 000977 08.04.21 | 16/05 04.10.21 | 700093/007/CMD | 1338 | 1071 | 267 | 134 |
| श्रीमती आपरेशन | 001120 08.04.21 | 16/07 04.10.21 | 000037/001/CMD | 5941 | 4753 | 1188 | 594 |
| श्री ख़ुशी राम | 000051 03.04.21 | 16/08 04.10.21 | 000124/001/CMD | 3258 | 2607 | 651 | 326 |
| सेंट जोहन चर्च (शॉप) | 000001 03.04.21 | 16/12 05.10.21 | 000001/001/CMD | 3286 | 2869 | 417 | 329 |
| सेंट जोहन चर्च (शॉप) | 000002 03.04.21 | 16/13 05.10.21 | 000002/001/CMD | 5112 | 4090 | 1022 | 511 |
| वकिंदर सिंह | 001072 08.04.21 | 16/14 05.10.21 | 800067/008/CMD | 2547 | 2038 | 509 | 255 |
| श्री परवेश | 000763 06.04.21 | 16/15 05.10.21 | 600040/006/CMD | 1258 | 1006 | 252 | 126 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्रीमती कीर्ति जय राम | 000098 03.04.21 | 16/16 05.10.21 | 000227/001/CMD | 5601 | 4481 | 1120 | 560 |
| श्री असीम तिवारी | 001020 08.04.21 | 16/21 05.10.21 | 800015/008/CMD | 2008 | 1607 | 401 | 201 |
| श्री एस. एल. कौल | 001020 08.04.21 | 16/22 05.10.21 | 800017/008/CMD | +BP809 4253=3444 | 3565 | 688 | 425 |
| श्रीमती केसरो देवी | 001125 08.04.21 | 16/23 05.10.21 | 900039/009/CMD | 17900 | 14320 | 3580 | 1790 |
| श्रीमती आदर्श बाला | 000516 04.04.21 | 16/24 05.10.21 | 300049/003/CMD | 2804 | 2243 | 561 | 280 |
| श्री सतीश कुमार | 000508 04.04.21 | 16/24 05.10.21 | 300041/003/CMD | 5951 | 4761 | 1190 | 595 |
| श्रीमती सुमित्रा देवी | 001087 08.04.21 | 16/26 06.10.21 | 900002/009/CMD | 4133 | 3307 | 826 | 413 |
| श्री आर. एस. चाहल | 000107 03.04.21 | 16/27 06.10.21 | 000251/001/CMD | 6670 | 5336 | 1334 | 667 |
| श्री अमरजीत कोचर | 000050 03.04.21 | 16/27 06.10.21 | 000122/001/CMD | 1636 | 1309 | 325 | 164 |
| श्रीमती सुधा आहूजा | 000113 03.04.21 | 16/30 06.10.21 | 000266/001/CMD | 7115 | 5692 | 1423 | 711 |
| श्री सिमरजीत सिंह | 000112 03.04.21 | 16/31 06.10.21 | 000266/001/CMD | 6646 | 5317 | 1329 | 665 |
| श्रीमती निम्मी चोपड़ा | 001081 08.04.21 | 16/33 05.10.21 | 800017/008/CMD | +BP1943 4341=2398 | 3953 | 388 | 434 |
| श्री कुलदीप राय | 000061 03.04.21 | 16/34 06.10.21 | 000266/001/CMD | 3671 | 2937 | 734 | 367 |
| श्री सर्वजीत सिंह | 001085 08.04.21 | 16/35 06.10.21 | 800080/008/CMD | 6576 | 5261 | 1315 | 658 |
| श्री भण्डारी | 001085 | 16/35 | 800039/008/CMD | 31501 | 20709 | 6300 | 3150 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 08.04.21 | 07.10.21 | | | | | |
| श्री सतीश कुमार | 000670 06.04.21 | 16/41 07.10.21 | 500001/005/CMD | 11712 | 9370 | 2342 | 1171 |
| श्री ऋषि | 000030 03.04.21 | 16/44 07.10.21 | 000074/001/CMD | +BP915 2337=1422 | 2053 | 284 | 267 |
| श्री अमित सिंह | 000044 03.04.21 | 16/48 07.10.21 | 000108/001/CMD | 26790 | 21432 | 5358 | 2679 |
| श्री सुरेश कुमार | 001085 08.04.21 | 16/49 07.10.21 | 800061/008/CMD | 3370 | 2696 | 674 | 337 |
| श्री व्यास देव | 000075 03.04.21 | 16/50 07.10.21 | 000178/001/CMD | 2307 | 1846 | 461 | 231 |
| श्रीमती मीनाक्षी मंसोत्रा | 001043 08.04.21 | 16/54 07.10.21 | 8000/008/CMD38 | 5203 | 4163 | 1041 | 520 |
| चेयरमैन अर्पणा ट्रस्ट डलहौजी | 000099 03.04.21 | 16/56 08.10.21 | 000230/001/CMD | 6121 | 4897 | 1224 | 612 |
| चेयरमैन अर्पणा ट्रस्ट डलहौजी | 000101 03.04.21 | 16/57 08.10.21 | 000238/001/CMD | 5904 | 4724 | 1181 | 590 |
| श्री फतेह सिंह ढिल्लों | 001082 08.04.21 | 16/58 08.10.21 | 800077/008/CMD | 12483 | 9987 | 2497 | 1248 |
| श्री प्रभु जीत सिंह ढिल्लों | 001083 08.04.21 | 16/59 08.10.21 | 800078/008/CMD | 10041 | 8033 | 2008 | 1004 |
| श्री एस. एस. खोसला | 001109 08.04.21 | 16/61 08.10.21 | 900024/009/CMD | BP2455 3769+ 6224= | 5471 | 754 | 377 |
| श्रीमती सोमा देवी | 000958 08.04.21 | 16/62 08.10.21 | 700074/007/CMD | 5415 | 4332 | 1083 | 1082 |
| श्री पी ,एन. गम्भीर | 000957 08.04.21 | 16/63 08.10.21 | 700073/007/CMD | 6206 | 4965 | 1241 | 621 |
| श्री संदीप सिहं | 000102 03.04.21 | 16/64 08.10.21 | 000240/001/CMD | 19530 | 15624 | 3906 | 1953 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री बी. एस. पठानिया | 001023 08.04.21 | 16/65 08.10.21 | 800018/008/CMD | 1480 | 1184 | 296 | 148 |
| श्री जे. एस. तिवारी | 001021 08.04.21 | 16/66 08.10.21 | 800016/008/CMD | 2243 | 1795 | 449 | 224 |
| श्री ज्योति सरूप ढिल्लों | 000106 03.04.21 | 16/67 08.10.21 | 000249/001/CMD | 3801 | 3041 | 760 | 380 |
| श्री धनविजय गुप्ता | 0001099 08.04.21 | 16/68 08.10.21 | 900014/009/CMD | 86613 | 69291 | 17323 | 8661 |
| श्री अमलोक सिहं | 00927 08.04.21 | 16/69 08.10.21 | 700043/007/CMD | 4947 | 3958 | 989 | 495 |
| श्री सुरेन्द्र सिहं | 001071 08.04.21 | 16/71 08.10.21 | 800066/008/CMD | 3240 | 2592 | 648 | 324 |
| श्री ध्यान सिहं | 001030 08.04.21 | 16/73 08.10.21 | 800025/008/CMD | 1566 | 1253 | 313 | 157 |
| श्री जे . एस. पठानिया | 001024 08.04.21 | 16/74 14.10.21 | 800019/008/CMD | 1421 | 1137 | 284 | 142 |
| श्री मुलख राज बाल्मीकि | 001068 08.04.21 | 16/75 14.10.21 | 800063/008/CMD | 2134 | 1707 | 427 | 213 |
| श्री सरदार सिंह | 000699 08.04.21 | 16/78 14.10.21 | 500030/005/CMD | 18932 | 15146 | 3786 | 1893 |
| श्री गुरदीप सिंह | 000810 06.04.21 | 16/79 14.10.21 | 600089/006/CMD | 7604+412 8016= | 6495 | 1521 | 760 |
| श्री किशोरी लाल | 001126 08.04.21 | 16/85 22.10.21 | 900040/009/CMD | 18045 | 14436 | 3609 | 1804 |
| श्री रविंदर मोहन उप्पल | 000052 03.04.21 | 16/92 22.10.21 | 900040/001/CMD | 2605 | 2084 | 521 | 261 |

| | | |
|---|---|---|
| **कुल जोड़** | **90318** | **47096** |

उक्त अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना सं 108 दिनांक 17.08.23 द्वारा नगर परिषद को अवगत करवाया गया व कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद के प्रत्युत्तर सं: 1000 दिनांक 28.08.23द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि उक्त बिलों को सही करके सम्बन्धित को दोबारा देने थे परन्तु सॉफ्टवेयर वर्तमान दिनांक बिल में उठा रहा था भविष्य में अंकेक्षण द्वारा दिए गए प्रावधानो अनुसार छूट दी जाएगी उत्तर सन्तोषजनक नहीं है ।अत: उक्त राशियों को उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित जाए व भविष्य में नियमानुसार छूट दी जानी सुनिश्चित की जाए ।भविष्य में इस प्रकार की त्रुटी न दोहराई जाए ।

**(घ) नगर परिषद क्षेत्र में संचालित होटलों के गृहकर का निर्धारण न करने के कारण ₹1.95लाख की हानि:-**

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि निम्न होटल के नक्शे पास हुए थे जिनका निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चूका है व नगर परिषद द्वारा कार्य पूर्ण प्रमाण पत्र भी जारी किए गए है । निम्नलिखित विवरणानुसार होटल का गृह कर का निर्धारण नही किया गया जबकि इन में से एक होटल के निर्माण कार्य पूर्ण हुए एक साल से अधिक का समय हो चूका है जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि नगर परिषद द्वारा निम्न होटल मालिक को अनुचित रूप से लाभ पहुँचाया जा रहा है व नगर परिषद होटल करों के निर्धारण व वसूली हेतु गम्भीर नही है जोकिअति गम्भीर मामला है ।

| **होटल का नाम** | **प्रोपराइटर का नाम** | **निर्माण कार्य पूर्ण प्रमाण पत्र संख्या/ दिनांक** | **क्षेत्रफल पारित नक्शा अनुसार** | **दर** | **वसूली योग्य गृह कर की राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| द सीजन डलहौजी | श्री प्रकाश चन्द्र जोहर | 310/ 20.12.2021 | 629.80 sqm | 90sqm | 85023 (18माह ) |
| संगरीला | श्रीमती मोनिका | 488 /13.05.2022 | 151.45 | 90sqm | 13630 (1वर्ष) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | मेहरा | | sqm | | |
| सागरिका | श्रीमती मृधु | 511/19.05.22 | 1070sqm | 90sqm | 96300(1 वर्ष) |
| | | **कुल वसूली योग राशि** | | | **194953** |

उक्त अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना सं 99 दिनांक 25.07.23 द्वारा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद को अवगत करवाया व उनके प्रत्युत्तर सं 1007 दिनांक 28.08.2023 के द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया गया कि उक्त होटलों के कर के निर्धारण सम्बन्धित कार्यवाही जारी है व उक्त होटलों के निर्माण पूर्ण दिनांक से वसूली करली जाएगी व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा ।अत: उक्त राशि की वसूली सम्बन्धित से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**(ड.)गृहकरकीगणनानियमोंकेअनुसारनकरनेकेपरिणामस्वरूप₹5.25लाखकीवित्तीयहानिकेसंदर्भमें:-**

अंकेक्षण में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा भवनों के गृहकर की गणना नगर पालिका अधिनियम 1994 –में वर्णित नियमों के अनुसार नहीं की गई थी अर्थात किराये के भवनों में संचालित बैंकों के किराये के समझौते में गृहकर का निर्धारण अपेक्षित किराये से कम करके गृह मालिकों को अनुचित लाभ प्रदान किया गया था जिसके फलस्वरूप नगर परिषद को "**परिशिष्ट-"च "**पर वर्णित विवरणानुसार दिनांक 31.03.23 तक ₹524900/- की वित्तीय हुई है । जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है जिसका या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा नगर परिषद क्षेत्र में स्थित वर्णित समस्त भवनों के गृहकर का निर्धारण नियमों के अनुसार करके देय ₹524900/-की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**(च) गृह कर दाताओं को करोना काल के दौरान 50% अनियमित रूप से छूट देने बारे :-**

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि प्रस्ताव संख्या:116 दिनांक 28.10.20 अनुसार करोना काल के कारण वर्ष 2021-22 में 50% गृह कर की छूट दी गई परन्तु इस सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई जोकि अनियमित था क्योंकि छूट केवल करोना अवधि के लिए दी जानी अपेक्षित थी न कि आधे वर्ष के लिए । अत: उक्त अनियमितता को सक्षम

अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त कर नियमित करवाया जाए अन्यथा उचित स्त्रोत से वसूली की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8 (क) दुकानों के किराये की बकाया ₹187.52 लाख वसूली हेतु शेष :-**

नगर परिषद द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर दुकानों/स्टालों /खोखो इत्यादि का निर्माण किया गया है तथा उन्हें किराये/पट्टे पर दिया गया है तथा इनसे प्राप्त किराया परिषद की आय का मुख्य स्त्रोत है।नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट-"छ "** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.2 3 तक किराये के रूप में **₹18752394**/- वसूली हेतु शेष थे जबकि निदेशक,शहरी विकास विभाग के पत्र सं :-यू०एल० बी० .एच० ए० 9(7)-1/87-9237/9284 दिनांक 20-06-01 के द्वारा करों इत्यादि की शत प्रतिशत वसूली को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए थे लेकिन कार्यकारी अधिकारी,नगर परिषद डलहौजी द्वारा इस सम्बन्ध में कोई ठोस कदम नहीं उठाये जिससे किराये की बकाया राशि में हर वर्ष बढौतरी हो रही है जोकि गम्भीर चिन्ताजनक का विषय है। अत: परामर्श दिया जाता है कि बकाया राशि की वसूली हेतु अविलम्ब नियमानुसार प्रभावी कदम उठाये जाने सुनिश्चित किए जाए। विशेषकर 76 दुकानदारों से वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए जिसका **परिशिष्ट –"छ -1" पर** वर्णित विवरणानुसार**₹12993147/-** वसूल करने शेष है । अतः दुकानों के किराये की वसूली अनुबन्ध अनुसार करके कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ख) किराये दारों को करोना(covid-19) के कारण 50% अनियमित रूप से छूट देने बारे:-**

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि प्रस्ताव संख्या:116 दिनांक 28.10.20 अनुसार करोना काल के कारण की वर्ष 2021-22 में दुकान दारों को किराये में 50% की छूट दी गई परन्तु इस सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई जो की अनियमित था अत: उक्त अनियमितता को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त कर नियमित करवाया जाए अन्यथा उचित स्त्रोत से वसूली की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9. जल प्रभार (water tax)की बकाया राशि ₹14.00 लाख वसूली हेतु शेष :-**

अंकेक्षण में पाया गया कि 31.03.23 को जल प्रभार के रूप में **₹**1399606वसूली हेतु शेष थी जिसका विवरण **परिशिष्ट-ज** पर दिया गया है ।यह राशि दिनांक 31-03 - 2019 से पूर्व अवधि की वसूली हेतु शेष है जोकि गम्भीर चिन्ता का विषय है इस प्रकरण को नगर परिषद प्रशासन के

ध्यानार्थ लाया जाता ताकि काफी लम्बे समय से पड़ी उक्त बकाया राशि की वसूली हेतु ठोस कदम उठाए जाएं वतदानुसार अपेक्षितअनुपालना से इस विभाग को भीअवगत करवाया जाए ।

**10. Conservancy tax की बकाया राशि₹12.91लाख की वसूली न करना :-**

अंकेक्षण में पाया गया कि 31.03.23 को Conservancy tax के रूप में ₹1291094/-वसूली हेतु शेष थे जिसका विवरण **परिशिष्ट- झ** पर दिया गया है ,यह राशि दिनांक 31-03- 2019 से पूर्व अवधि की वसूली हेतु शेष है, जो कि गम्भीर चिन्ता का विषय है । अतः यह प्रकरण को नगर परिषद के ध्यानार्थ विशेष रूप लाया जाता है ताकि काफी लम्बे समय से लम्बित उक्त बकाया राशि की वसूली हेतु ठोस कदम उठाए जाएं तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**11. विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस के रूप में ₹8.36 लाख वसूली हेतु शेष :-**

मोबाईल टावरों के रजिस्टर की जांच में पाया कि दिनांक 31.03.23को विभिन्न मोबाईल टावरों के नवीनीकरण शुल्क के रूप में निम्नविवरणानुसार ₹836274/- वसूली हेतु शेष थे जिसका विस्तार पूर्वक**परिशिष्ट "ञ"**पर दिया गया है -:

| | |
|---|---|
| BSNL. | 125004 |
| एयरटेल टॉवर | 113754 |
| टाटा टावर | 90002 |
| रिलायंस | 133754 |
| एयरसेल | 152504 |
| वोडाफोन | 177504 |
| आईडिया | 43752 |
| **कुल राशि** | **836274** |

अत: उक्त बकाया ₹836274/- कीवसूली हेतु नियमानुसार ठोस पग उठाए जाने सुनिश्चित किए जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत किया जाए।

**12. सिनेमा हाल भवन के किराये की बकाया₹12.36लाखकी वसूली न करना :-**

अंकेक्षण में पाया गया कि श्री रविकांत वालिया द्वाराजून 2004 ,के पश्चात सिनेमा हाल भवन के किराये का नगर परिषद को भुगतान नहीं किया गया था। इस प्रकार दिनांक 31.03.2023 तक निम्नविवरणानुसार **₹1236135/-** किराये की वसूली हेतु शेष थे :-

| Years | Municipal Rent | Water Tax | Conservancy Tax | G.C.C | G.S.T. | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2004-05 | 36501 | 220 | 440 | | | 37161 |
| 2005-06 | 40151 | 2410 | 4820 | | | 47381 |
| 2006-07 | 40151 | 2410 | 4820 | | | 47381 |
| 2007-08 | 40151 | 2410 | 4820 | | | 47381 |
| 2008-09 | 46174 | 2770 | 5541 | | | 54485 |
| 2009-10 | 46174 | 2770 | 5541 | | | 54485 |
| 2010-11 | 46174 | 2770 | 5541 | | | 54485 |
| 2011-12 | 53100 | 3186 | 6372 | | | 62658 |
| 2012-13 | 53100 | 3186 | 6372 | | | 62658 |
| 2013-14 | 53100 | 0 | 0 | 1800 | | 54900 |
| 2014-15 | 61065 | 0 | 0 | 1800 | | 62865 |
| 2015-16 | 61065 | 0 | 0 | 0 | | 61065 |
| 2016-17 | 61065 | 0 | 0 | 0 | | 61065 |
| 2017-18 | 70225 | 0 | 0 | 0 | 6320 | 76545 |
| 2018-19 | 70225 | 0 | 0 | 0 | 12641 | 82866 |
| 2019-20 | 70225 | 0 | 0 | 0 | 12641 | 82866 |
| 2020-21 | 80759 | 0 | 0 | 0 | 14537 | 95296 |
| 2021-22 | 80759 | 0 | 0 | 0 | 14537 | 95296 |
| 2022-23 | 80759 | 0 | 0 | 0 | 14537 | 95296 |
| **TOTAL** | **1090923** | **22132** | **44267** | **3600** | **75213** | **1236135** |

हिमाचल प्रदेश म्युनिसिपल अधिनियम -1994की धारा 86(2)के अंतर्गत बकाया किराये की वसूली हेतु श्री रविकान्त वालिया को लीगल नोटिस भी भेजा गया था,लेकिन आज तक कोई भी बकाया राशि की वसूली नहीं जा सकी है। यह एक अत्यन्त गम्भीर वित्तीय अनियमितता का प्रकरण है,जिसका उल्लेख गतअंकेक्षणप्रतिवेदन 04/2019से 03/2021के पैरा संख्या 12 में दिया गया था। अत: यह प्रकरण निदेशक,शहरी विकास,हिमाचल प्रदेश,शिमला के ध्यानार्थ इस आशय से लाया जाता है कि प्रकरण की विस्तृत छानबीन करके आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए ताकि परिषद को अनावश्यक हानि से बचाया जा सके व इस सन्दर्भ में की गई कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**13. तहबाजारी के रूप में ₹ 3.19लाख बकाया राशि को न वसूलने बारे :-**

अंकेक्षण के दौरान तहबाजारी से सम्बन्धित रजिस्टर /अभिलेख की जाँच करने उपरान्त पाया गया कि निम्नलिखित व्यक्तियों /तहबाजारियों से अंकेक्षण के दौरान तक **₹319500/-** राशि वसूली हेतु शेष थी। अत :बकाया राशि को न वसूलने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये ।

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **दर प्रति माह** | **अवधि** | **बकाया राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री संजीव सपुत्र देश राज | 1500 | 04/22 से 07/23 (16 माह) | 24000 |
| 2. | श्री मेजर सपुत्र बिट्टू | 1500 | 02/22 से 07/23 (18 माह) | 27000 |
| 3. | श्री अमर सिंह सपुत्र लोचन | 1500 | 06/22 से 07/23(14माह ) | 21000 |
| 4. | श्री अमित कुमार सपुत्र छोटू राम | 1500 | 02/22 से 07/23 (18 माह) | 27000 |
| 5. | श्री मनीष कुमार | 1500 | 06/22 से | 21000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सपुत्र केहर सिंह | | 07/23(14माह ) | |
| 6. | आरिफ सपुत्र गुलाम शबीर | 1500 | 11/22 से 07/23(9माह ) | 13500 |
| 7. | श्री शंकर सपुत्र जय किशन | 1500 | 05/22 से 07/23 (15माह) | 22500 |
| 8. | श्री निर्मल सपुत्र मिलखी राम | 1500 | 06/22 से 07/23(14माह ) | 21000 |
| 9. | श्री बिक्रम सिंह सपुत्र कुंज लाल | 1500 | 06/22 से 07/23(14माह ) | 21000 |
| 10. | श्री चमन लाल सपुत्र मैहर सिंह | 1500 | 04/22 से 07/23 (16माह) | 24000 |
| 11. | श्री प्रेम कुमार सपुत्र तारा चंद | 1500 | 05/22 से 07/23 (15माह) | 22500 |
| 12. | श्री रविन्द्र कुमार सपुत्र प्रेम चंद | 1500 | 06/22 से 07/23(14माह ) | 21000 |
| 13. | श्री प्रिथीपाल सपुत्र साधु राम | 1500 | 01/23 से 07/23 (7माह ) | 10500 |
| 14. | श्रीमती सुमन पत्नी सूरज | 1500 | 01/23 से 07/23 (7माह ) | 10500 |
| 15. | श्री भवानी दत्त सपुत्र चरणु | 1500 | 11/22 से 07/23(9माह ) | 13500 |
| 16. | श्री तिलक राज सपुत्र जिगरी राम | 1500 | 01/23 से 07/23 (7माह) | 10500 |
| 17. | श्री दुर्गादास सपुत्र अर्थ सिंह | 1500 | 02/23 से 07/23(6 माह) | 9000 |
| | | | **कुल जोड़** | **319500** |

उक्त अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना सं 89 दिनांक 10.07. 2023 द्वारा कार्यकारी अधिकारी को अवगत करवाया गया व उनके प्रतिउत्तर सं 997 दिनांक 28.08.23 अनुसार अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त बकाया वसूली से **₹91500/-** की राशि की वसूली कर ली गई है जबकि बकाया **₹227500/-** की वसूली शीघ्र कर ली जाएगी ।अत: शीघ्रअति शीघ्र वसूली करके पूर्ण अभिलेख सत्यापनार्थ अंकेक्षण में प्रस्तुत करवाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथाभविष्य में इस प्रकार की त्रुटी से परिहार किया जाए।

**14 . डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकर ण शुल्क के रूप में ₹85.78 लाख की कम वसूली** :-

अंकेक्षण को प्रस्तुत सूचनानुसार नगर परिषद के अधिसूचित क्षेत्र के भवनों , दुकानों,कार्यालयों व बैंकों की संख्या व डोर-टू-डोर उपनियम 2018 में यूजर चार्जेज की दरों के आधार पर निम्नलिखित विवरणानुसार शुल्क की अनुमानित वसूली **₹448650** प्रतिमाह x 24 माह **=**₹**10767600**(अवधि 04/21 से 03/23) बनती है, जिसमें से अंकेक्षण अवधि में **₹2189154/-** की वसूली की गई, इस प्रकार **₹8578446**(**₹10767600-₹2189154**) की कम वसूली की गई जो की अति गम्भीर मामला है।

| **विवरण** | **संख्या** | **उप नियम द्वारा निर्धारित दर प्रतिमाह** | **कुल वसूली योग्य राशी** |
|---|---|---|---|
| घर | 1420 | 100 | 142000 |
| दुकान | 219 | 100 | 21900 |
| कार्यालय | 20 | 250 | 5000 |
| ढाबा | 25 | 350 | 8750 |
| होटल | 119 | 2000 | 238000 |
| शिक्षण संस्थान | 10 | 1500 | 15000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्क शॉप | 6 | 500 | 3000 |
| हॉस्पिटल | 10 | 1500 | 15000 |
| | | **कुल मासिक जोड़** | **448650** |

उक्त अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना सं 115 दिनांक 18.08.23 द्वारा कार्यकारी अधिकारी को अवगत करवाया गया व उनके प्रतिउत्तर सं **1005**दिनांक **28.08.23** अनुसार अंकेक्षण को अवगत करवाया कि वर्तमान में निम्नलिखित विवरणानुसार भवनों , घर , दुकानों ,इत्यादि की संख्या है उस अनुसार कुल **₹373000 /-** मासिक बनता है इसमें से 50% निवासी ग्रीष्म काल में 2 या 3 महीने रहते है व कुल डोर से डोर कूड़े की कलेक्शन **₹1.80** लाख से **₹2.10 लाख** तक मासिक बनती है । उत्तर सन्तोषजनक नही है। क्यूंकि उक्त समय के सफाई व डोर से डोर कूड़ा एकत्रीकर ण हेतु ठेकेदार को भुगतान किया जाता है इसके अतिरिक्त गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में भी इस सम्बन्ध में अंकेक्षण आपत्ति जताई गई थी तब इस प्रकार की स्थिति से अंकेक्षण को अवगत नहीं कर वाया गया था अत: इस सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही व कमेटी गठित करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाया जाए व बकाया राशि को वसूलना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**15. निर्माण -:**

**(क)निष्पादित कार्य प्रमात्रा की गणना में त्रुटी के कारण सविंदाकार को ₹0.06 लाख का अधिक भुगतान करना व अन्य अनियमितताएँ**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | P/L local slate flooring & plastring kamla nehru park and steps middle bakrotha |
| सविंदाकार का नाम | Sh. ramuK junA |
| आवार्ड पत्र संख्या | 864 dated 01.09.21 |
| आवार्ड राशि | 241348/- |
| बिल संख्या | 1st and Final bill |
| वाउचर सं | 21/11 fo01 |

**उक्त निर्माण कार्य में निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई**

**(i)**उक्त निर्माण कार्य हेतु अनुमान ( estimate) तैयार नहीं किया गया था जिसके अभाव में कुल कार्य कि अनुमानित राशि की जाँच अंकेक्षण द्वारा नहीं की जा सकी है।

